समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# ऑपरेशन सिंदूर की शौर्यगाथा के सम्मान मे जयपुर मे निकाली गई 'सिंदूर यात्रा', मातृशक्ति ने किया वीर जवानों को नमन।

Publisher Published on 21 May 2025



सवांदाता,जयपुर,राजस्थान

**जयपुर,राजस्थान :** देश के सैनिकों की बहादुरी और अदम्य साहस को समर्पित '**ऑपरेशन सिंदूर**' की वीरगाथा को आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज जयपुर में '**सिंदूर यात्रा**' का आयोजन किया गया। इस आयोजन में **मातृशक्ति की उल्लेखनीय भागीदारी** देखने को मिली, जिन्होंने भारत माता के सच्चे सपूतों को **श्रद्धांजलि** और **सम्मान** अर्पित किया।

इस गर्वमयी अवसर पर **राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी, जयपुर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती अलका गुर्जर, महापौर श्रीमती कुसुम यादव, प्रदेश महामंत्री श्रीमती संतोष अहलावत, प्रदेश मंत्री श्रीमती स्टेफी चौहान, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अपूर्वा सिंह, समेत कई वरिष्ठ महिला नेताओं** एवं हजारों माताओं-बहनों ने उपस्थित रहकर वीर जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### क्या है ऑपरेशन सिंदूर ?

**ऑपरेशन सिंदूर** भारतीय सेना द्वारा हाल ही में की गई एक सैन्य कार्रवाई है, जिसमें भारत की सुरक्षा और आतंकवाद के विरुद्ध साहसिक कदम उठाए गए। यह ऑपरेशन, केवल एक सैन्य अभियान नहीं बल्कि **राष्ट्रभक्ति, त्याग** और **बलिदान का प्रतीक** बन चुका है।

### मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी

इस यात्रा में मांओं और बहनों ने **तिरंगा** लहराते हुए और माथे पर सिंदूर लगाकर, देश के वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि भारत की महिलाएं भी राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान के लिए सजग और एकजुट हैं।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा** ने इस अवसर पर कहा:"हमारी मातृशक्ति ने सदैव देश के निर्माण और संस्कृति की रक्षा में योगदान

दिया है। आज की सिंदूर यात्रा, माताओं की शक्ति और देशभक्ति का एक प्रेरणादायक उदाहरण है।"

**राष्ट्रवाद और जनजागरण का प्रतीक**

यह यात्रा न केवल वीर जवानों के प्रति सम्मान का प्रतीक रही, बल्कि जनजागरण और युवाओं को प्रेरित करने का माध्यम भी बनी। आमजन ने उत्साह से भाग लिया, जिससे यह सिद्ध होता है कि भारत की जनता आज भी अपने सैनिकों को सर्वोपरि मानती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.